સળંગ અંક ૫૬ ડિસેમ્બર - ૨૦૧૧

શ્રી સ્વામિનારાયણ

માસિક કિંમત ₹ ૫/-

શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર કાલુપુર દ્વારા આયોજીત
ઠોટેશ્વર અને અસારવા ગુરુકુળમાં બાળ-યુવા શિબિર,
યુવક મંડળ પ્રતિનિધિ શિબિર, મહિલા શિબિર અને
બાલિકા શિબિર ધર્મકુળની નિશ્રામાં સંપન્ન થઈ

પ્રકાશક : શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર, અમદાવાદ - ૩૮૦૦૦૧

૧. આંતરોલી ગામે સ.ગુ. સ્વામી જાનકી પ્રસાદદાસજી (પારાયણ પ્રસંગે) પ.પૂ. આચાર્ય મહારાજશ્રીનું પુષ્પહાર પહેરાવી સન્માન કરતા. અને સભામાં મુમુક્ષુઓને આશીર્વાદ આપતા પ.પૂ. મોટા મહારાજશ્રી ૨. અમદાવાદ કાલુપુર મંદિરમાં પારાયણ પ્રસંગે વ્યાસપીઠની આરતી ઉતારતા પ.પૂ.આચાર્ય મહારાજશ્રી સાથે યજમાનશ્રી કિલ્લોલભાઈ શેલત (એડવોકેટ). ૩. વસઝર મંદિરમાં ઠાકોરજીનો અભિષેક કરતા પ.પૂ. મોટા મહારાજશ્રી સાથે સ્વયંપ્રકાશ સ્વામી અને શાકોત્સવ કરતા પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી સાથે જે.પી.સ્વામી ૪. કોટેશ્વર ગુરુકુળમાં યુવક મંડળના પ્રતિનિધિઓને આશીર્વાદ આપતા પ.પૂ. આચાર્ય મહારાજશ્રી. ૫. માંડલ મંદિરના શતાબ્દી પાટોત્સવ પ્રસંગે પ.પૂ.મોટા મહારાજશ્રીની નિશ્રામાં કથામૃત પાન કરાવતા પૂ. પી.પી.સ્વામી અને આશીર્વાદ લેતા યજમાનશ્રી. ૬. બાલવાના ૧૫૨ જેટલા વયોવૃધ્ધ સત્સંગીઓને ગામના યુવકોએ શ્રી સ્વામિનારાયણ મ્યુઝિયમના દર્શન કરાવ્યા તેની તસવીર.



श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्यश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युझियम
नारणपुरा, अहमदाबाद-३८००१३.
फोन : २७४८९५९७ ● फेक्स : २७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि : २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य
प्रति वर्ष ५०-००
वंशपारंपरिक
देश में ५०१-००
विदेश १०,०००-००
प्रति कोपी ५-००

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ५ अंक : ५६ दिसम्बर-२०११

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०२
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०३
०४.	श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर द्वारा आयोजित दीपावली अवकाश शिबिर स्थल : श्री सहजानंद गुरुकुल कोटेश्वर	०४
०५.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का ओस्ट्रेलिया-न्युझीलेन्ड का धर्मप्रवास	०६
०६.	महामुक्तराज श्री गोपालानंद स्वामीने मुमुक्षुओं के लिये औषधी दी थी	०७
०७.	श्रीहरि के साथ अंग्रेजो का तथा शहर के श्रेष्ठीजनों के साथ संवाद	०८
०८.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१०
०९.	सत्संग बालवाटिका	१२
१०.	भक्ति सुधा	१५
११.	सत्संग समाचार	१९

अहम् दिवम्

इस संसार में अबजों की संख्या में मनुष्यो की वस्ती है। अभी अन्तिम समाचार के अनुसार विश्व की वस्ती सात अरब से ऊपर होने जा रही है। चीन जैसे देश में रहने की भी जगह नहीं रह गयी है। अपने भारत देश में तो इसकी समस्या अभी नहीं है। सर्वोपरि श्रीहरि की कृपा से हमें जगत का व्यवहार तथा आध्यात्मिक सुख इस तरह दोनो मिला है। जितना अधिक भजन होगी उतना ही सुख मिलेगा। इसका सदा ध्यान रखना चाहिये।

१६ दिसम्बर से पवित्र धनुर्मास का आरम्भ हो रहा है। प्रातः काल में परम कृपालु श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में तथा धर्मकुल की उपस्थिति में श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धुन की जायेगी। इस धुन का ऐसा प्रभाव है कि सभी भगवान में तन्मय हो जाते हैं। अहमदाबाद शहर में रहने वाले सभी हरिभक्त इस धुन का लाभ लेने के लिये अवश्य पधारते हैं। ऐसा अलौकिक सुख सारी दुनियां में कहीं नही मिलेगा। सम्पूर्ण धनुर्मास मे प्रातः काल भगवान के स्मरण में ही वीते ऐसी श्रीहरि के चरणों में प्रार्थना। नगर तथा ग्राम में रहने वाले सभी भक्तजन धुन का लाभ लेने अवश्य पधारें।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(नवम्बर-२०११)

१. विहार गाँव में पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
२. गवाडा गाँव में श्री अंबालाल महेरदास पटेल के यहाँ पदार्पण।
३. आंतरोली गाँव में पाटोत्सव तथा पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
सायंकाल श्री सहजानंद गुरुकुल कोटेश्वर शिबिर प्रसंग में पधारे।
४. बावोल गाँव में पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
५. श्री स्वामिनारायण मंदिर अमदाबाद में श्री विनोदराम गणपतराय शेलत साहब द्वारा आयोजित श्रीमद् सत्संगिजीवन सप्ताह पारायण के प्रसंग पर पदार्पण।
सायंकाल श्री सहजानंद गुरुकुल कोटेश्वर सत्संग शिबिर में पधारे।
६. श्री सहजानन्द गुरुकुल कोटेश्वर प्रातः से सायं यावत् सत्संग युवा शिबिर में आशीर्वाद देने के लिये पधारे।
७. अहमदाबाद मंदिर में रंग महोल घनश्याम महाराज का पाटोत्सव, अभिषेक अपने हाथों से किये।
कुंडाल गाँव में श्री चन्दुभाई खोड़ीदास परिवार द्वारा आयोजित पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
८. श्री हर्षदभाई सोनी के यहाँ पदार्पण - नवरंगपुरा।
९. श्री स्वामिनारायण मंदिर सिद्धपुर पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
सायंकाल मांडवी (कच्छ) पदार्पण।
१०. कडी गाँव में श्री कल्याणदास नारायणदास पटेल के यहाँ पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
१२. श्री स्वामिनारायण मंदिर सुरेन्द्रनगर पाटोत्सव अभिषेक प्रसंग पर पदार्पण।
१२ से २१ एडीलेट (इष्ट आफ्रिका केनिया) श्री स्वामिनारायण मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा के प्रसंग पर पदार्पण।
२३. श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद में २४ घन्टे तक अखंड महामंत्र धुन के प्रसंग पर पदार्पण।
२४. श्री स्वामिनारायण मंदिर मांडल पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
२५. श्री नारायणभाई मिस्त्री (जीवराजपार्क वाला) द्वारा आयोजित पारायण प्रसंग पर माथक (मूलीदेश) गाँव में पदार्पण।
२६ से २७ भचाऊ (कच्छ) पदार्पण।
२८. रामनगर (कलोल) गाँव में श्री अमृतभाई गणपतभाई लल्लुदास के यहाँ महापूजा प्रसंग पर पदार्पण।
२९. श्री स्वामिनारायण मंदिर गांधीनगर (सेक्टर-२) पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
३०. श्री स्वामिनारायण मंदिर हिंमतनगर पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट

www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in

भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० ● शृंगार आरती ८-०५ ● राजभोग आरती १०-१० ● संध्या आरती १८-१५ ● शयन आरती २०-३०

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर द्वारा आयोजित दीपावली अवकाश शिबिर स्थल : श्री सहजानंद गुरुकुल कोटेश्वर

- शा. स्वामी चैतन्यस्वरुपदासजी (कोटेश्वर गुरुकुल)

द्वितीय श्री नरनारायणदेव बाल सत्संग मंडल शिबिर

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा और आशीर्वाद से तथा प.पू. भावि आचार्य श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के अध्यक्ष स्थान पर तथा स.गु.शा.स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (पी.पी. स्वामी, महंत नारायणघाट) के मार्गदर्शन से श्री नरनाराणदेव के आधिन श्री सहजानंद गुरुकुल, कोटेश्वर में दि. २-११-२०११ से दि. ३-११-२०११ तक दो दिन शिबिर का भव्य आयोजन हुआ था।

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर द्वारा आयोजित श्री नरनारायणदेव बाल सत्संग शिबिर में प्रथम दिवस सुबह ८ बडे ३५ गाँव से ४२५ बच्चे इस शिबिर में आये थे। प्रात: पू. लालजी महाराजश्री संत मंडल के साथ शिबिर में पधार कर शिबिर का दीप प्राकट्य कर बालकों को कंठी तथा आये बच्चो में से ११६ बच्चो को पूजापेटी दी थी। बालको में सत्संग तथा संस्कार का सिंचन हो इस लिये शिबिर के दौरान तीन सत्संग सत्र रखे गये थे। जिस में स.गु. स्वा. विश्वस्वरुपदासजी आदि संतो ने पधारकर सत्संग, संस्कार तथा सभा से होने वाले फायदे पर प्रवचन दिया था। इस शिबिर में बड़े महाराजश्री पधारे थे और उनके सानिध्य में समूह आरती का आयोजन किया गया था। जिसका प्रसारण टी.वी. चेनलो पर लाईव किया गया था। बालको का सर्वांगी विकास हो ऐसे आसन से इनडोर गेम्स तथा आऊट डोर गेम्स का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को इनाम पू.महाराजश्री के करकमलो से दिया गया था। साथ ही साथ पू. लालजी महाराजश्री क्रिकेट भी खेले थे। अंतिम दिवस पर समापन के अवसर पर प.पू. आचार्य महाराजश्री, पू. लालजी महाराजश्री तथा स.गु.शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी (अहमदाबाद महंतश्री), स.गु. स्वा. देवप्रकाशदासजी (नारायणघाट, महंतश्री) पधारे थे तथा समापन सभा में आये बच्चों के सभी परिवारजनो को आशिर्वाद दिये थे। पश्चात समूह भोजन हुआ था। इस सभा में श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, अहमदाबाद की सेवा प्रसंशनीय रही तथा श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, मोटेरा द्वारा तन, मन, धन से सेवा की थी। समग्र शिबीर का संचालन स.गु.शा.स्वा. रामकृष्णदासजी तथा स.गु. शा.स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी (कोटेश्वर गुरुकुल) ने संभाला था।

श्री नरनारायणदेव युवक मंडल प्रतिनिधिज्ञान शिबिर

प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से तथा उनके अध्यक्ष स्थान पर नरनारायणदेव युवक मंडल जिस जिस गाँव में चलता है प्रत्येक गाँव से ३ सभ्यो की मर्यादा में प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहने को कहा गया, तथा २५० प्रतिनिधिदो दिन, आजके समय में सही ज्ञान दे सके तथा प्रत्येक गाँव में सिद्धांत और समझ दे सके एसे शुभ आसय से उपस्थित रहे थे। पू. आचार्य महाराजश्री दोनो दिन सुबह से शाम तक उपस्थित रह कर सुंदर मार्गदर्शन दिये थे।

दोनो दिवस संप्रदाय तथा समाज के विद्वान लोगो ने अपने ज्ञान का लाभ युवानो को दिया था। प्रथम दिवस परम पू. निर्गुण स्वामीने (सांप्रदायिक समस्या पर) तथा पश्चात् रामकृष्णदासजी तथा पू. छोटे पी.पी. स्वामीने (संचालन व्यवस्था) पर सुंदर समझ सभी प्रतिनिधियों को दी थी। पू. महाराजश्री भी सुबह से शिबिर में दर्शन देने पधारे थे। शाम के समय सभी प्रतिनीधिके साथ प्रसादी लेकर कोटेश्वर महादेव के दर्शन करके पधारे थे। संध्या आरती की सभा में अहमदाबाद मंदिर के महंत स्वामी स.गु.शा. स्वा. हरिकृष्णदासजी पधारकर सभी युवानो को आशीर्वाद दिये थे। सबसे सुंदर अवसर रात की प्रश्नोत्तरी का था। पू. महाराजश्रीने युवानो को परेशान करने वाले प्रश्नो का स्वयं जवाब देकर वचनामृत की सभा की याद दिलायी थी। युवान भी यह अवसर पाकर

धन्य हुये थे । दूसरे दिन भी प्रात- के सत्र में सुरेशभाई गांधीने 'संगठन' विषय पर श्री उदयनभाई महाराजाने ''जागृत कार्यकर्ता'' पर तथा पू. बड़े पी.पी. स्वामीने ''हरिमंदिर विवेक'' विषय पर सुंदर ज्ञान दिया था । दूसरे सत्र में पू. छोटे पी.पी. स्वामीने सभी युवानो के प्रश्नो के उत्तर तथा जागृत होकर समझपूर्वक भक्ति सत्संग करने के शुभ आशीर्वाद दिये थे ।

दो दिन तो पलभर में बीत गए ऐसा सभी को लगा था । और ऐसा शिबिर प्रदेश-प्रदेश में हो तो अधिक भक्तो को लाभ प्राप्त होगा ऐसी प्रार्थना भी लोगो की महाराजश्रीने स्वीकारी थी । दोनो दिन पूर्ण समय तक पू. महाराजश्री की उपस्थिति तथा उनके दर्शन-आशीर्वाद का सबसे बड़ा लाभ था । संपूर्ण आयोजन श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर द्वारा किया गया था । जिसमें व्यवस्था के सहयोगी श्री नरनारायणदेव युवक मंडल अहमदाबाद तथा मोटेरा के हर्षदभाई आदि युवानोने खूब सेवा की थी । शा.स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (छोटे पी.पी. स्वामी, पू. शा.स्वा. रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर) तथा पू. शा.स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी (कोटेश्वर) ने अच्छा मार्गदर्शन दिया था ।

श्री नरनारायणदेव महिला तथा बालिका मंडल शिबिर

प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा आशीर्वाद से तथा अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा गादीवालाश्री और पू. श्रीराजा के सानिध्य में ८-११-२०११ से ता. ९-११-२०११ पर्यंत दो दिन तक महिला मंडल तथा बालिका मंडल शिबिर का आयोजन किया गया था ।

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर अयोजित श्री नरनारायणदेव महिला मंडल तथा बालिका मंडल शिबिर में प्रथम दिवस पर सुबह ८-३० बजे गाँवो में से करीब २०० महिलाए तथा २५० बालिकाए शिबिर में भाग लेने पधारी थी । सुबह रजिस्ट्रेशन के पश्चात् पू. गादीवालाश्री शिबिर में पधार कर दीप प्राकट्य करके उत्साह बढाया । महिला मंडल तथा बालिका मंडल की सभा अलग-अलग की गई थी । पश्चात् महिला मंडल की सभा में पधारी त्यागी बहनोने शिबिर पर प्रवचन दिया था । पश्चात् सभीने साथ में भोजन लिया था । बालिकाओं के लिए रंगोली डेकोरेशन स्पर्धा का आयोजन किया गया था । पश्चात् सभी शिबिरार्थी ३-३० को कोटेश्वर महादेव दर्शन करने गये थे । जहाँ दोनो अलग-अलग समूह में अंताक्षरी खेले थे । शाम को ५ बजे बालिकाओं की सभा में श्रीराजा पधारी और उनके सानिध्य में, वन मिनट गेम चित्र स्पर्धा आदि खेला हुए और विजेताओं को श्रीराजा के करकमलो से इनाम दिया गया । दूसरी तरफ महिला मंडल की सभा में त्यागी बहनो द्वारा सत्संग समस्या, मंदिर में विवेक, मंदिर का ममत्व आदि विषयो पर प्रवचन दिये थे । शाम ७ बजे श्री घनश्याम महाराज की समूह आरती कर भोजन ग्रहण किया गया था । रात को सांस्कृतिक कार्यक्रममें (ताल ओरकेस्ट्रा) पूरवभाई पटेलने रास गरबा का आयोजन किया जिसमें सभीने भाग लिया था ।

दूसरे दिन सुबह के सत्र में बालिका मंडल द्वारा महेंदी स्पर्धा का आयोजन किया गया था । पश्चात् त्यागी बहनो द्वारा संस्कार के सिंचन पर सुंदर प्रवचन किया गया था । महिला मंडल की सभा में बहनोने, पूजा, कंठी की महिमा तथा श्री नरनारायणदेव की महिमा आदि विषयो पर प्रवचन दिया था । पश्चात् पू. गादीवाला का भी लाभ उन्हें मिला था । पश्चात् भोजन हुआ और विराम के पश्चात् दोनो मंडल की समूह सभा का आयोजन हुआ । जिस में कई त्यागी बहनोने श्रीहरि तथा धर्मकुल के महिमा की बात की थी । पश्चात कंठी पहनाकर और पूजा पेटी लेने की उत्सुक शिबिरार्थी बहनों को पू. गादीवाला के हाथो कंठी पहेराई गई तथा पूजापेटी दी गई । पश्चात् समस्याओं की प्रश्नोतरी रखी गई । जिस के उत्तर पू. गादीवालाश्रीने देकर समस्या दूर की थी । अंत में पू. गादीवालाश्रीने प्रत्येक शिबिरार्थी को शिबिर में भाग लेने के लिए धन्यवाद के साथ आशीर्वाद दिये थे । बालिका की प्रथम शिबिर होने की वजह से स्मृति के लिए आईपेड दिये गये थे इस शिबिर में कालुपुर, विसनगर, प्रांतिज, जेतलपुर आदि धामो से पधारी हुई त्यागी बहनोने भी प्रवचन दिया था । इस शिबिर में श्री नरनारायण युवक मंडल बापुनगर की सेवा प्रसंशनीय थी ।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का ओस्ट्रेलिया-न्युझीलेन्ड का धर्मप्रवास

- राम स्वामी (कोटेश्वर)

भगवान स्वामिनारायण की कृपा से तथा प.पू. महाराजश्री की आज्ञा से श्री नरनारायणदेव की छत्रछाया में सत्संग विश्व व्यापी हो गया है । देश विदेश में रहने वाले हरिभक्तों के विशेष निवेदन पर पदार्पण करते रहते हैं । ता. ६-१०-११ से २३-१०-११ तक पू. महाराजश्री संत मंडल के साथ जिस में पू. पी.पी. स्वामी, राम स्वामी, पार्षद वनराज भगत साथ में आष्ट्रेलिया एवं न्युझीलेन्ड पधारे थे ।

सर्व प्रथम पू. महाराजश्री यहाँ से पर्थ पधारे थे । पर्थ में सत्संग खूब फूलाफला है । सभी हरिभक्तों ने पू. महाराजश्री का एरपोर्ट पर ही बड़े धूमधाम के साथ स्वागत किया था । पर्थ में प्रभु की कृपा से थोड़े समय पूर्व मंदिर के लिए ४ एकड़ जमीन प्राप्त की गयी थी । इस जगह पर मंदिर निर्माण की शिलान्यास विधिपू. महाराजश्री तथा पू. भुज मंदिर के महंत स्वामी के वरद् हाथों से की गयी थी । इस प्रसंग पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया गया था । रवजीभाई हालाई तथा समिति के सदस्य पू. महाराजश्री की आज्ञा से नूतन मंदिर का निर्माण कार्य हुआ । पू. महाराजश्री सभा में सभी को हार्दिक आशीर्वाद दिये ।

एडीलेड में पू. महाराजश्री की आज्ञा से करीब पांच वर्ष पूर्व सभा का आरंभ किया गया था । उसे पांच वर्ष पूर्ण होते ही पू. महाराजश्री की उपस्थिति में धूमधाम के साथ पंचाब्दी उत्सव मनाया गया था । इस प्रसंग पर त्रिदिनात्मक सत्संगिजीवन की कथा की गयी थी । सभी युवान तन, मन, धन से सेवा में लगे रहे । पू. महाराजश्री सभी भक्तों की सेवा भक्ति देखकर खूब प्रसन्न हुये और सभी को हार्दिक आशीर्वाद भी दिये ।

यहाँ से मेलबोर्न पधारे, जहाँ पर महाराजश्री का भव्य स्वागत किया गया । मेरबोर्न के रींग वुड विस्तार में अपना मंदिर तैयार होरहा है । ता. २४-१-१२ से २८-१-१२ तक भव्य मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जायेगा । पू. महाराजश्री ने मंदिर का कार्य देखकर बहुत प्रसन्न हो गये । अलग-अलग विस्तारो में महाराजश्री ने पदार्पण किया । जहाँ जते वहाँ पर सत्संग सभा का आयोजन किया जाता । वहाँ के भक्तों को नियम में रहने का आशीर्वाद देकर न्युझीलेन्ड पधारे थे ।

न्युझीलेन्ड में तीन दिन तक अनेकों हरिभक्तों को दर्शन का तथा आशीर्वचन का लाभ दिये थे । अपने मंदिर में प्रतिदिन सायंकाल साभ होती तथा सत्संग का कार्यक्रम होता । छोटे बाल मंडल की प्रवृति देखकर पू. महाराजश्री बहुत प्रसन्न हुये थे ।

१ दिन का सत्संग पिकनिक का भी आयोजन मंदिर द्वारा किया गया था । वृद्ध, युवान, बालक सभी बड़े उत्साह के साथ शिबिर में सहभागी हुये थे । पू. महाराजश्री के सानिध्य में ऐसे दिव्य समय बीताने के अवसर मिले जीवन कृत कृत्य हो गया । सभी भक्तों को प्रसन्न करके सभी से भावभीनी बिदाई लेकर स्वदेश पधारे थे ।

श्री नरनारा?णदेव गादी देश में श्री स्वामिनारायण गुरुकुल सिध्धपुर का सामावेश हुआ है

श्री स्वामिनारायण गुरुकुल सिद्धपुर में ट्रस्ट के मेनेजींग ट्रस्टी की ट्रस्ट के अधिनियम में श्री नरनारायणदेव देश के गादी के आचार्य महाराजश्री को लिया गया है । तदुंपरात ता. ६-११-२०११ श्री स्वामिनारायण गुरुकुल सिद्धपुर में ट्रस्ट की मिटींग में अधिनियम नं. १५२ से श्री नरनारायणदेव देश की स्कीम कमेटी के एक सदस्य को ट्रस्ट में ट्रस्टी के रुप में समाविष्ट करने की सत्ता प.पू.ध.धु. १००८ श्री आचार्य महाराजश्री को दी जा रही है ।

- आज्ञा से

महामुक्तराज श्री गोपालानंद स्वामीने मुमुक्षुओं के लिये औषधी दी थी

- प्रो. सूर्यकान्त भट्ट (भुज)

अमृत का सागर गोपालानन्द स्वामी को कहा जाता था । जिस तरह पारसकी मणी के स्पर्श से लोहा सोना हो जाता है उसी तरह गोपालानन्द स्वामी के योग से अनेक मुमुक्षु मुक्ति की स्थिति को प्राप्त किये थे । साबर कांठा जिले के भिलोड़ा गाँव के नजदीक टोरडा गांव में स्वामी का जन्म हुआ था । सम्वत १८३३ श्रावण शुक्ल-१५ को हुआ था । पिताजी का नाम मोतीराम राजेश्वर ठाकर तथा माता का नाम जीवीबा था । ये दोनो भगवान के परम भक्त थे । स्वामी के बाल्यकाल का नाम खुशाल था । इनके बाल्यकाल में भी बड़ी चमत्कारीक घटना हुई थी । जीवन बड़ा सुखी था । सर्वावतारी श्री स्वामिनारायण भगवान के संकल्प से उनके भीतर ऐश्वर्य स्वतः सिद्ध थे ।

बाडाशिनोर के काशीराम तथा मुरलीधर नाम के सत्संगियों से भगवान स्वामिनारायण के प्रगटपना को जानकर दर्शन की उत्कट इच्छा हुई । उसी समय महाराज की आज्ञा से रामानन्द स्वामी के शिष्य खुशालभाई महाराज के पास डभाण आये । श्रीहरि का दर्शन करके बहुत प्रसन्न हुये । श्रीहरि की आज्ञा से वे पुनः अपने घर वापस गये । जब महाराज जेतलपुर पधारे तब ब्राह्मण के वेश में श्रीहरि पुनः उन्हे स्वयं लेने गये । श्रीहरि का दिव्य दर्शन होते ही मन की वृत्ति उन्हीं में लग गयी । सदा के लिये वे गृह त्याग करके सं. १८६४ में गढडा दादा खाचर के दरबार में अक्षर ओरडी में महाराज ने खुशाल को भगवती दीक्षा देकर गोपालानन्द स्वामी नाम रखे । मुमुक्षुओं के मोक्ष के लिये गोपालानंद स्वामी ने ध्यान, भक्ति, उपासना, भगवान के निश्चय की वाते, अखंड ध्यान त्यागी को किस तरह रहना चाहिये ? विषय का खंडन, हृदय से वासना किस तरह निकाली जाय, अपने स्वभाव में किस तरह परिवर्तन हो, वैराग्य पूर्वक किस तरह रहा जाय, परमज्ञानी कैसे हों, इस तरह की अद्‌भुत मोक्ष प्रद वातो को स्वामीने संप्रदाय के लिये औषधीके रुप में अर्पण किया है इसलोक में तथा परलोक में दोनो श्रीहरि का स्वरुप यथार्थ है ऐसा समझाया है । इस तरह करने से विश्वास उत्पन्न होगा । पुरुषोत्तम भगवान को समझने के लिये स्वामीने बताया है कि ''जिस तरह रामकृष्णादिक भगवान की मूर्तियां हैं उन सभी में स्वरुप, गुण, स्वभाव, विभूति, ऐश्वर्य, प्रकाश, शक्ति, अवतार सभी में थोडा बहुत अन्तर है । श्रीहरि में इस से भी विलक्षण बताया गया है ।

मुक्त सात प्रकार के है - देवलोक के, वैकुंठ के, बद्रिकाश्रम के, श्वेत द्वीप के, गोलोक के तथा अक्षरधाम के । श्रीजी महाराज के महत्व को समझाते हुये स्वामीने कहा है कि जिस तरह सोने के साथ कंकण-पत्थर रखा हो लेकिन मन सोने की तरह ही आकृष्ट होगा । इसी तरह जिसका मन श्रीहरि में आकृष्ट हो गया हो उसका मन सांसारिक विषयों में आसक्त नहीं होता ।

आत्म विचार करने से आत्म निष्ठा दृढ होती है । उन्हों ने ऐसा वर्तन किया है कि हमारी शरीर हजारो लाखों शरीर धारण करने के बाद प्राप्त हुई है । जिस तरह मनुष्य पुराने कपड़े को त्याग करके नूतन वस्त्र धारण करता है ठीक उसी तरह जगत में मा-बाप, सगा सम्बन्धी सभी अज्ञान के कारण मानते है । मैं शरीर, मन, इन्द्रिय, अन्तःकरण से अलग हूँ । इस तरह आत्म विचार करना चाहिये । भक्त चिन्तामणी ग्रन्थ में लिखा है कि सं. १८८६ में श्रीहरि का अन्तर्धान हुआ उसके २२ वर्ष के बाद तक अपने स्वरुप की दृढता करने के लिये विद्यमान रहे । उन्होंने उपनिषद भाष्य ब्रह्मसूत्रार्थदीप, श्रीमद् भगवद् गीता भाष्य, वेद स्तुति की श्रुतबोधिनी टीका, शाण्डिल्य सूत्र की भक्ति प्रकाशिका टीका तथा शिक्षापत्री का मराठी भाषा में भाषांतर भी किया गया है ।

श्रीहरि के साथ अंग्रेजो का तथा शहर के श्रेष्ठीजनों के साथ संवाद

- जयंतीलाल के. सोनी (मेमनगर-अहमदाबाद)

श्री स्वामिनारायण के संत भद्र के विस्तार में भिक्षा मांगते हुये नारायण हरि सच्चिदानंद प्रभो'' बोलकर खड़े हो गये । मस्तक झुकाकर खड़े रहे और महिलाये झोली में भिक्षा डालकर चली गयी, लेकिन इस दृश्य को अंग्रेज एरंड साहब देख रहे थे । उनके मन में विचार आया कि ए संत कौन हैं जो महिलाओं की तरफ विना देखे भिक्षा लेकर चले गये । अपने साथ कुबेरसिंहके बड़े भाई मोती राम से पूछे कि ये साधु किसके है उन्होंने बताया कि ये स्वामिनारायण के साधु है । साहब ने कहा स्वामिनारायण कहाँ रहते हैं ? उन्हें इस शहर में लाना है - इसके लिये संप्रदाय के अग्रगण्य सत्संगियों को बुलवाकर कहा कि हम स्वामिनारायण को शहर में लाना चाहते हैं इससे किसी को विरोधहो तो अभी कहदे अन्यथा पीछे से कहने वाले को दंड दिया जायेगा । यह सुनकर कोई नहीं बोला लेकिन साहब का सेक्रेटरी पूंजा शाह ने कहा कि साहब ये तो पुरुष को स्त्री से तथा स्त्री को पुरुष से अलग करके त्यागी बनादेते हैं इसलिये यहाँ बुलाना ठीक नहीं । साहब ने कहा कि - तुम अभी विवाह किये हो और तुम मेरे नौकर हो तो क्या मेरे कहने से अपनी पत्नी को छोड़ दोंगे । इसलिये इस पर कोई चर्चा नहीं करनी है । अभी उन्हें यहाँ बुलाना है उन्हें तुम नही समझपाया है इसलिये ऐसा कह रहा है । उसी समय महाराज को बुलाने के लिये नथु भट्ट, दामोदर पटेल, हिराचंद चोकसी, कुबेरसिंह चोपदार तथा लालदास गोरा को महाराज के पास भेंजा । इन सभी के साथ एक पत्र भी लिखा कि आप यहाँ पधारें आप की सुरक्षा की तथा स्वागत की उचित व्यवस्था की जायेगी । उन दिनों महाराज गढपुर में विराजमान थे. सभी महाराज के पास जाकर एरंड साहब की बात बताये और एरंड साहब के भावात्मक पत्र को दिये । महाराज उसी समय मुक्तानंद इत्यादि संतो को बुलाकर उस पत्र को पढवाते है और कहते है कि अहमदाबाद के लिये सरकार हमें बुला रही है इसलिये वहाँ जाना है । महाराज मयाराम भट्ट को बुलाकर श्रीनगर जाने के लिये मुहूर्त निकलवाते है . सभी को साथ लेकर जेतलपुर पधारे । वहीं पर रात्रि विश्राम के बाद प्रातः अहमदाबाद कांकरिया तालाब के पास पधारे । वही पर साहबने गाजेबाजे के साथ स्वागत करके महाराज को अपने ऊपर बीती एक कहानी सुनाते हैं - एक बार मैं जंगल में धूमने गया था । मेरे साथ सैनिक भी थे । मैं हाथी पर सवार था । सामने एक वाघ दिखाई दिया मैंने उसके ऊपर गोली चलादी लेकिन संयोग वश उसे गोली नहीं लगी । वाघ मेरे ऊपर आक्रमण कर दिया । मैं हाथी के हौदे पर बैठा था वहाँ तक उसकी छलांग देखकर इतना डर गया कि दूसरी गोली चला ही नही सका । उसी समय मुझे कोई अदृष्ट मूर्ति वहाँ आयी और आकाश में लेकर चली गयी । इतने में मेरे सैनिक उस वाघ को मारडाले । पुनः अदृष्ट शक्ति मुझे हाथी के हौदे पर रख गयी । उसी समय से उस दिव्य मूर्ति की खोज करता हूँ लेकिन आज तक उसका पता नही लगा । आज आप मुझ पर कृपा करके स्वयं साक्षात् जिस रुप की खोज की दर्शन देने के लिये पधारे हैं ।ऐसा कहकर अपने मस्तक से टोपी उतारकर कहा कि आप इस ख्रिस्ती से भी धन्य है । कारण यह कि जब मैं आपत्ति में था तो इशु ख्रिस्ती को खूब प्रार्थना किया लेकिन वे बचाने नही आये । आप विना प्रार्थना के मेरी रक्षा किये । इस लिये आप सभी के कारण है । दूसरे साहब ने कहा कि आप अल्ला हैं तो विलायत में मेरा स्थान कहा है ? और कैसे चित्रित करके बताइये । सभी साहब यह देखकर प्रसन्न होकर कहने लगे कि आप साक्षात् अल्ला है ।

बाद में डनलोप साहब ने कहा कि यदि आप साक्षात् भगवान हैं तो और कुछ आपसे अज्ञात नहीं है तो आप यह बताइये कि हमारे किस पुण्य का फल है कि जो आप साक्षात् मिले । महाराज ने कहा यह कहानी बहुत लम्बी है । लेकिन संक्षिप्त में कहता हूँ । आप का युरोप नाम का

खंड है। उसमें ग्रीस देश है। उस देश में मध्यम परिवार में आपका जन्म हुआ। वहाँ का राजा बलवान था। वह अन्य राज्यों को जितने की तैयारी किया और आपको होंशियार समझकर सेना से सेनापति बना दिया। एकबार किसी राजा के साथ युद्ध हुआ उस समय राजा ने आपको आदेश दिया कि जब सामने की सेना शयन करती रहे उस समय सारी सेना का कतल कर देना। राजा का इस तरह अन्यायी, अत्याचारी आदेश सुनकर आपके मन में विचार आया कि ऐसे भयंकर पाप करने की अपेक्षा नौकरी छोड़ देना ठीक है। आपने ऐसा ही किया। आयुपूर्ण होते शरीर छूट गयी।

दूसरे जन्म में किसी पुण्यात्मा ज्योतिषी के घर में जन्म हुआ और स्वंय भविष्य वेत्ता हुए है जर्मन में वहां के राजा ने समस्त यूरोप खंड के राजायों को तथा पंडितो को एकत्रित किया उसमें आप भी गये हुये थे। वहाँ पर आप शास्त्रार्थ में अन्य सभी को पराजित करके स्वयं सबसे बड़े पंडित के रुप में प्रतिष्ठित हुए। उस जन्म में भी पूर्ण आयु भोग कर शरीर त्याग किये।

तीसरे जन्म में फ्रांस में एक पादरी के घर में पैदा हुए। वहाँ पर खूब अभ्यास करके, इशु ख्रिस्त के ग्रन्थो का अध्ययन करके खूब अच्छे धर्मज्ञ हुये। वहाँ के लोग मदिरापान, पापाचार, क्रूराचार में समय विताये थे। उसी में सुख मानते थे। ऐसे दुष्टों को सदुपदेश करके अच्छी दिशा दिये। देवालय बनवाये, सत्कार्य में समय बिताते हुए तीसरा जन्म भी पूरा किये। चौथा जन्म अमीरघर में हुआ। छोटी उम्र में अभ्यास करके राजकारण मे लग गये। आपकी योग्यता देखकर सेनापति बना दिया गया। बाद में हिन्दुस्तान को जीतने के लिये यहाँ भेज दिया गया। यहाँ पर प्रथम आपने हिन्दुस्तान में बंगाल कोजीता। बाद में सूरत इत्यादि देशों को जीतने के बाद पेश्वा सरकार को हटाकर अहमदाबाद शहर को अपने कब्जे में ले लिये। आपका प्रत्येक जीवन धार्मिक था। दु:खी लोगो के दर्द को समझना तथा संतो की सेवा करना आपका भाव था। इसी पुण्य के प्रभाव से हमारा दर्शन आपको हुआ। यह सुनकर दुर्लभ साहब तथा अन्य सैनिक श्रीहरि के ऊपर खूब प्रसन्न हुए और भगवान पना का यथार्थ ज्ञान हुआ।

कांकरिया सरोवर की सभा में विराजमान अंग्रेज अधिकारी के साथ बात कर ही रहे थे कि सत्संगियों में अग्रगण्य तथा बड़े-बड़े संत एवं नगर के मानित श्रेष्ठीजन अपने-अपने साधनो से वहाँ उपस्थित हुये। प्रत्येक जन प्रथम श्रीहरि को साष्टांग प्रणाम करके पुष्पमाला की चरण में भेटं कर रहे थे। बाद में सभी से हाल समाचार पूछते थे। हिमाभाई शेठ ने महाराज से कहा कि प्रभु आपके मतानुसार निष्काम व्रत ही श्रेष्ठ है ऐसा लगता है। जो भी आपकी शरण में आता है वही आपके प्रताप से निष्कामी हो जाता है। हिमाभाई शेठ अहमदाबाद के सबसे बड़े धनी थे। इसके साथ ही वे समाज की सेवा में लगे रहते थे। स्वयं जैनी थे। जैन मंदिरों का निर्माण कार्य करवाये थे। धर्मशाला, गौशाला इत्यादि बहुत सारे धार्मिक कार्य में प्रवृत्त रहते थे। इनकी माताजी श्रीहरि को सोने का फूल भेंट करके स्वागत की थी।

इस तरह शहर के कितने सत्संगी श्रीहरि को अपने घर पदार्पण करवाये थे। सायंकाल नित्यकर्म के बाद सभी के साथ प्रभु की आरती करके नारायण की धुन करने लगे। उस समय श्रीहरि के स्वरुप से तेज प्रगट होने लगा। यह देखकर सभी को बड़ा आश्चर्य हुआ। जब धुन बन्द हुई तो वह तेज महाराज के शरीर में समा गयी। उस समय सभी को यह निश्चित होगया कि श्रीहरि साक्षात् भगवान है। इस तरह सभी को वात करते देखकर महाराज ने पूछा कि आप लोग क्या बात कर रहे है ? प्रभु ने कहा कि जब हम ध्यान में बैठे थे उस समय हम आप सभी के साथ अक्षरधाम गये थे। वहीं पर आप सभी को यह दिव्य दर्शन का लाभ मिला। अनेक देव हमारी पूजा करने पधारे थे। यह सुनकर सभी को श्रीहरि में भगवान पना का यथार्थ ज्ञान हो गया। जो तेज था वह प्रभु की मूर्ति का ही था। ऐसा निश्चय यदि हमारे जीवन में हो जाय तथा प्रभु की मूर्ति में आत्मनिष्ठा हो जाय तो जीवन की चरितार्थता है। प्रभु की मूर्ति में जो आनन्द है वह अन्यत्र संभव नहीं है। परम पद की चाहना वाले श्रीहरि के चरण की शरण ले एक मात्र वे ही परमपद के दाता है।

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के उद्घाटन हुये नव मास जितने हो गये । प्रतिदिन देश विदेश से अनेको दर्शनार्थी आते हैं । जिसमें अनेक संत, धार्मिक महानुभाव दर्शन करके धन्यता का अनुभव करते हैं । हम प्रति महीने आगंतुको के अभिप्राय को वांचते है । इससे ख्याल आता है कि श्री स्वामिनारायण म्युजियम का दर्शन करने वालों को कैसा कैसा अनुभव होता है यह स्वयं आने पर ख्याल आयेगा । यह यदि समझ में आ जाय तो मोक्ष के इस धारा में जो भी डूबेगा उसे अवश्य आत्मिक शांति मिलेगी ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में दान देने वालों की नामावली

रु. २५,०००/-	प्रविणभाई कांतिभाई पटेल शिकागो । दक्षिका बहन प्रविणभाई पटेल
रु. २१,०००/-	बाबुभाई मावजीभाई पटेल - हरिकृष्ण मोजेक-मोरबी वती मनोज तथा हितेश ।
रु. २१,०००/-	यशभूमि कन्ट्रक्शन प्रा. लि.कं. अमदावाद ।
रु. ११,०००/-	अ.नि. प्रभावतीबहन रमणीकलाल सोमाणी तथा अ.नि. रमणीकलाल कालीदास सोमाणी के स्मरणार्थ सप्रेम भेट नवीनचंद्र सोमाणी, गढावीवाला-अहमदाबाद ।
रु. ११,०००/-	स.गु. भंडारी स्वामी जानकीवल्लभदासजीने पारायण के प्रसंग पर आत्रोल सत्संग मंडल द्वारा दिलवाया था ।
रु. ११,०००/-	शामलभाई मथुरभाई पटेल परिवार - वावोल ।
रु. १०,०००/-	पूनमभाई पटेल - अहमदाबाद ।
रु. १०,०००/-	हरजीभाई मावजीभाई हीराणी- सुखपुर-भुज
रु. १०,०००/-	अ.नि. मंगलाबहन ठक्कर के स्मरणार्थ अहमदाबाद ।
रु. ७,६०१/-	घनश्याम हिमवंतभाई मिस्त्री, सर्विस मिलते ही उनके संकल्प के अनुसार प्रथम वेतन भेंट किये ।
रु. ७,१००/-	सोमदास शिवसा (निकोल-नरोडा) ।
रु. ६,०००/-	विनेश सापरिया - मुंबई ।
रु. ६,०००/-	प्रतिभाबहन मारु ।
रु. ५,१११/-	हसुमतीबहन कन्हैयालाल भावसार - साणंद ।
रु. ५,१००/-	माणेकलाल सोना चांदी के एसोसीएशन - अहमदाबाद-संजयभाई सोनी
रु. ५,००१/-	खटाणा लालजीभाई मोहनभाई - बडोल ।
रु. ५,०००/-	असीत सापरिया - मुंबई ।
रु. ५,०००/-	डॉ. हरिकृष्णभाई गोकलभाई पटेल - सापावाडा ।
रु. ५,०००/-	ईश्वरभाई डुंगरशीभाई पटेल मेडावाला, हर्षद कोलोनी ।
रु. ५,०००/-	मधुबहन ईश्वरभाई डुंगरशीभाई पटेल ।
रु. ५,०००/-	वासुदेवभाई कानजीभाई पटेल - बोपल ।
रु. ५,०००/-	नारणभाई गोकलदास पटेल - सापावाडा
रु. ५,०००/-	श्री स्वामिनारायण मंदिर पवई (मुंबई) वसीभाई ।
रु. ५,०००/-	श्री स्वामिनारायण मंदिर नवा वणझर - रमणभाई ।
रु. ५,०००/-	महेशभाई एस. पटेल लालोडावाला - वापी ।
रु. ५,०००/-	दैवियानी हरिकृष्ण पटेल - कणभा ।
रु. ५,०००/-	हिरेन प्रागजीभाई कथरोटिया - बापूनगर ।
	प्रसादी के जल के बोपल के यजमान - भास्कर पेक कडी विवेकभाई, मयूरभाई, रोहितभाई - अहमदाबाद ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायणदेव के अभिषेक की सूची

ता. १-११-११	प.पू. बड़ी गादीवालाश्री की प्रेरणा से कच्छ-भुज की सां.यो. बहनें तथा कालूपुर मंदिर हवेली की सां.यो. बहनों की तरफ से मंजुबा तथा भारती बा ।
ता. ३-११-११	सोमदास मोहनदास परिवार - वडु कृते मणीभाई सोमदास पटेल ।
ता. ४-११-११	श्री स्वामिनारायण मंदिर महिला मंडल, एप्रोच बापूनगर, रुपम बहन ।
ता. ५-११-११	जयेशभाई मंगलदास गज्जर, राजेन्द्रकुमार बाबूलाल गज्जर, अहमदाबाद ।
ता. १०-११-११	जयश्री बहन मनोजभाई दलाल, मनोजभाई घनश्यामभाई दलाल, तेजेन्द्रभाई मनोजभाई दलाल, नवा वडज ।
ता. २०-११-११	लालजीभाई गणेशभाई - भाऊपुरा - कृते जयेश, विपुल, व्रज, लीलाबहन ।
ता. २३-११-११	अ.नि. चन्द्रकान्तभाई अमीन अमदावाद कृते महेन्द्रभाई विमलभाई तथा शीतल बहन ।

नोट :ता. १०-१२०११ शनिवार पूनम को चन्द्रग्रहण होने से म्युजियम का दर्शन सायंकाल ४-०० बजे तक खुला रहेगा ।

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा । महाभिषेक लिरवाने के लिए संपर्क कीजिए ।

म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६

www.swaminarayanmuseum.org/com • email:swaminarayanmuseum@gmail.com

अभिप्राय

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

जयश्री स्वामिनारायण - वृद्धावस्था में जीवनभर श्री नरनारायणदेव के मार्ग में अडिग निष्ठा रखने वाले तथा सनातन मूल गादी के वफादार रहने वाले धरमपुर गाँव के अ.नि. पटेल रामजीभाई अमरशीभाई वकील की वयोवृद्ध धर्मपत्नी नानी बहन ९५ वर्ष की वृद्धावस्था में श्री स्वामिनारायण म्युजियम का दर्शन करके घर बैठे गंगा में स्नान जैसा आनंद प्राप्त की । श्रीजी महाराज की प्रसादी की वस्तुओं के दर्शन में बड़ी सरलता से श्रीहरि का दर्शन होता है । इस तरह की आत्मशांति मिलती है । इस तरह दिव्य दर्शन करके बड़े प्रेम के साथ प.पू. बड़े महाराजश्री के दिव्य संकल्प का स्मरण करके खूब आनन्दित हुई ।

- कंचनबहन आर. पटेल तथा भांजी उर्मिला-नारणपुरा

•

यह स्वामिनारायण म्युजियम अति सुंदर है । यहाँ पर प्रभु की प्रसादी की जो भी वस्तुयें है, उनका दर्शन करके आनंद की सीमा नहीं रहती । रु. नं. ९ में पिक्चर के स्वरुप में स्वामिनारायण भगवान का जन्म तथा उनकी कृपा का ध्यान रखा गया है । जो व्यक्ति एकबार भी यहाँ आता है वह दूसरी बार भी आने की इच्छा रखता है । सहीरुप में यह म्युजियम पृथ्वी पर अलौकिक तथा ऐतिहासिक स्थल है । यहाँ की जो व्यस्था है वह सराहनीय है ।

- उर्वी पटेल

•

इस प्रसादी की म्युजियम का दर्शन करने वाले बड़े भाग्यशाली है । जिनका पूर्व का पुण्य हो वही यहाँ आने की चहाना रखेगा । यह अक्षरधाम का द्वार है । हमें जो भी अनुभव हुआ है उससे अति आनन्द हुआ है - इसके लिये हम पूज्य बड़े महाराजश्री के चरणों में कोटि-कोटि वन्दन तथा धर्मकुल के चरणों में कोटि कोटि वन्दन करते है ।

- किशोर हिराणी, नाइरोबी

•

हम इन प्रसादी की वस्तुओं का दर्शन करके आनन्द की अनुभूति का वर्णन करने में असमर्थ हो रहे हैं. सम्पूर्ण सत्संग समाज पू. बड़े महाराजश्री का ऋणी है । हम सभी का बड़ा पुण्य है जो कि इन प्रसादी की वस्तुओं के दर्शन का अलभ्य लाभ मिला ।

- चेतन सोनी, यु.एस.ए.

•

श्रीनगर (अहमदाबाद) के बीच में ऐसी अलौकिक महाप्रभु के प्रसादी की जो वस्तुये म्युजियम में रखी गयी है, वे अमूल्य है । क्योंकि इन वस्तुओं को स्वयं श्रीहरिने अपने शरीर से स्पर्श किया था । स्पर्श होने से ये सभी वस्तुयें निर्गुण हो गयी है । ऐसे सर्वोपरि म्युजियम को देखने के लिये गाँव के वृद्धों को दर्शन कराने के लिये श्री नरनारायणदेव युवक मंडल ने अच्छा प्रयास किया था । आगन्तुक दर्शनार्थी उन वृद्धों के मुख से एक ही आवाज निकल रही थी कि वाह महाराज हे पूज्य बड़े महाराजश्री आपके इस उपकार के बदले में आपके चरणों में कोटि-कोटि वंदन तथा पूज्य आचार्य महाराजश्री कोशलेन्द्रप्रसादजी को भी हम वन्दना करते हैं ।

- श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, बालवा (गांधीनगर

•

म्युजियम का दर्शन करते हुये मुख में से एक ही शब्द निकला कि अद्‌भुत, अद्‌भुत, अद्‌भुत..... बोटाद में अद्‌भुतानंद स्वामी पधारे, प्रभु की आज्ञा थी कि आज्ञा विना दर्शन के लिये नहीं आना । स्वामी पूजा करने बैठे, पूजा में से प्रभु की प्रसादी के एक टुकड़े को स्वामीने अपने आंख से लगाकर मस्तक पर लगाये उसी समय हमीर खाचर को हुआ कि ओह ! वस्त्र की इतनी महिमा तो प्रभु कैसे होंगे ? हमीर खाचर को प्रभु का निश्चय हो गया । इन सभी प्रसादी की वस्तुओं का जो दर्शन करेंगे तो उन्हें प्रभु में निश्चय ही आत्मप्रेम बढेगा । प्रभु के चरणों में ऐसी प्रार्थना ।

- साधु सत्संग भूषणदास, जूनागढ, स्वा. मंदिर राजकोट, साधु आत्मप्रकाश स्वामी, साधु नारायणदास स्वामी

सत्संगबालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

समर्पित शिष्य कैसे हो ?

– शा. हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

प्राचीन भारत वर्ष में धौम्य नामक एक ऋषि हुये । उनकी श्रेष्ठ ऋषियों में गणना होती थी । भारत वर्ष में चारो तरफ उनके शिष्यों की प्रसंशा होती थी । उनके नाम से प्रभावित होकर युवान तथा किशोर उनके आश्रम में पढने के लिये आते थे ।

उनके आश्रम में विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी । उनमें उपमन्यु नाम का एक शिष्य था । मधुर भाषी, स्वभाव में शांत तथा सरल स्वभाव वाला था । इस लिये गुरुजी के ऊपर तथा मित्रों पर उसकी अच्छी छाप थी । सभी उससे प्रेम करते थे । लेकिन कुछ द्वेषी विद्यार्थी भी वहाँ थे ।

प्राय: ऐसा देखने में मिलता है कि जहाँ अच्छाई है वहाँ बुराई भी रहती है । अच्छे विद्यार्थी उसकी प्रसंशा करते बुरे विद्यार्थी उसकी निन्दा करते । कई बार उसकी शिकायत गुरुजी के पास करने जाते । ऐसे इर्ष्यालु शिष्यों को शिक्षा देने के लिये गुरुजीने एक पद्धति अपनाया । वे उपमन्यु की श्रेष्ठता साबित करना चाहते थे । इसलिये उपमन्यु की परीक्षा लेने के लिये सभी आश्रम के शिष्यों की उपस्थिति में उपमन्यु को बुलाकर पूछे कि तुम पूरे दिन क्या करते हो ? तब उपमन्यु ने कहा कि गुरुजी ? प्रात: उठकर आश्रम की सफाई, स्नान करके संध्या वंदन, कुटीरकी सफाई, पूजापात्र की सफाई, पुष्पचयन, जल, फल, तुलसी इत्यादिका चयन करके आपके पूजा को तैयार करता हूँ । बीच में उसकी वात रोककर गुरुजीने कहा कि कल से यह सेवा अब तुम्हें नहीं करना है । कल से तुम गाय चराने जाना और भिक्षावृति को वंदना करना, भोजन नहीं करना । ठीक है गुरुजी ।

दूसरे दिन प्रात: होते ही गायों को चराने चल दिया । जंगल में गायों को लेकर गया, वहाँ पर भूख लगी तो गाय को दुहकर दूधपीलिया । इस तरह दो–तीन महीने बीत गये । फिर भी वह स्वस्थ ही दिखाई दिया । यह देखकर इर्ष्यालु शिष्यों ने पुन: गुरुजी को सिकायत किया । तब गुरुजी उपमन्यु को बुलाकर पूछते हैं कि तू भिक्षा मांगता नहीं है तो जंगल में क्या खाता है ? उसने कहा गुरुजी ! मुझे जब भूख लगती है तो गाय का दूधनिकालकर पीलेता हूँ । गुरुजीने दूधपीने के लिये भी मना कर दिया ।

मित्रों ! गुरुजी जब कठोर होते हैं तो कैसे होते हैं ? हम अथवा आप में से कोई रहा होगा तो गुरुजी को छोड़कर कब का चले गये होते । लेकिन उपमन्यु तो दृढ निश्चयी । गुरुजी चाहे जैसी परीक्षा लें । गुरुजी की आज्ञा स्वीकार कर लिया, दूधनहीं पीने की । दूसरे दिन गायों को लेकर जंगल में जाता है, वहाँ पर भूख लगी तो अब क्या करे ? देखा तो बछड़े अपनी मां का दूधपी रहे हैं उसमें से झाग निकल रही है । गुरुजीने दूधपीने के लिये मना किया है, झाग चाटने के लिये तो मना नहीं किया है । अब वह झाग चाटकर अपना समय बिताने लगा । अब भी वह पहले जैसा स्वस्थ । पुन: ईर्ष्यालु शिष्यों ने गुरुजी के पास जाकर सिकायत की । गुरुजीने उपमन्यु को बुलाकर पूछा कि अब तूं क्या पीता है ? तब वह सत्य बात बता देता है कि गुरुजी जब बछड़ा माका दूधपीता है उसके मुंख से जो गाज (झाग) निकलती है उसे चाटकर बुभुक्षा को शांत करता हूँ । गुरुजीने कहा कि बछड़े बहुत दयालु होते हैं वे तुम पर कृपा करके आधा दूधकी झाग बाहर गिराते हैं । अब वह भी चाटना तुम बन्द करदो । उपमन्यु गुरुजी की यह वात मान लिया । और बड़े आनंद के साथ पूर्वत् गायों की सेवा करता रहा ।

जंगल में गायों के पीछे–पीछे फिरने से तथा बालक होने से जठराग्नि भी उद्दीप्त थी भूख सहन नहीं होती थी लेकिन गुरुजी की आज्ञा । इस तरह उसे उपवास करके एक सप्ताह बीत गया । एक दिन भूख सहन नहीं हुई तो मदार के पत्ते को खा लिया, इससे उसकी झहरीली असर होने से उसको दिखाई देना बन्द हो गया । अब सायंकाल आश्रम में किस तरह पहुंचे ! एक गाय की पूछ पकड़कर पीछे पीछे चलने लगा । लेकिन बीच में कूआँ आया उसी समय उसके पैर में ठेस लगी और गाय की पूंछ छूट गयी वह जाकर कूंआँ में गिरा । गांये भी नित्य की तरह आश्रममें पहुंचगयी । उपमन्यु कहीं दिखाई नहीं दिया । इससे उसको चाहने वाले

उसके मित्र गुरुजी के पास जाकर बात किये गुरुजी ! गांये जंगल से आगयी लेकिन उपमन्यु नहीं आया । यह सुनकर गुरुजी कुछ शिष्यों को साथ लेकर दीपक के प्रकाश में उपमन्यु को खोजने के लिये निकल पड़े । जोरों की आवाज देते बेटा उपमन्यु कहाँ हो ? इस तरह की आवाज देते हुये जंगल के भीतर पहुंच गये लेकिन कहीं भी उसका अता पता नहीं चला । संयोगवश जहाँ से वे लोग निकल रहे थे उसी के पास के कूंए में से आवाज आई गुरुजी मैं यहाँ कूंयें में गिर गया हूँ ।

गुरुजी तथा अन्य सभी कूयें के पास पहुंचे । रस्सी कूंये में लटकाकर उपमन्यु को बाहर निकाले । उसे दिखाई नहीं दे रहा था तो उसका कारण पूछा, उसने भूख लगने पर धतूर के पत्ते खाये हैं ऐसा बताया । गुरुजीने उसे सान्तवना दिया । गुरुजी कोई सामान्य मनुष्य नहीं थे । तपस्वी थे । वे अपने तपोबल से देवों के वैद्य अश्विनी कुमारों को बुलाये । अश्विनी कुमारों ने उपमन्यु की आंख देखकर कहे कि आंख ठीक हो जायेगी हम जो देते हैं वह खाजाये - दिखाई देने लगेगा । वैद्यराज मालपूआ देते है और कहे कि इसे खाजाओ । लेकिन वह खाया नहीं । पुनः वैद्य कहते हैं यह दवा के रुप में है, इसे खाजाओ । वह गुरुजी की आज्ञा का पालन करता है इसलिये खाता नहीं, यह देखकर गुरुजी मन ही मन प्रसन्न होते हैं ।

लेकिन वह तो गुरु की आज्ञा में परायण था । विना आज्ञा के वह खा सकता नहीं । बाद में गुरुजीने आज्ञा की कि उपमन्यु तुम मालपूआ खालो, वह ज्यों ही मालपूआ खाया त्यौं हि उसके आंख की दृष्टि वापस आ गयी । पहले जैसा उसे दिखाई देने लगा ।

अश्विनी कुमार तथा गुरुजी दोनो उसकी गुरु भक्ति देखकर खूब प्रसन्न हुए और उसे आशीर्वाद दिये कि बेटा उपमन्यु ! विद्या की देवी सरस्वती तुम्हारे ऊपर कृपा करेंगी और तूं महान विद्वान होजायेगा । संसार के लोग तेरी इस निष्ठा तथा श्रद्धा एवं गुरु भक्ति का उदाहरण देंगे और प्रेरणा लेंगे, तुम से ही इस कला को सीखेंगे तभी उनमें गुरु की कृपा उतरेगी और सुखी होंगे ।

निष्कुलानंद स्वामी इस आख्यान का वर्णन धीरजाख्यान में किया -

हम गुरुनी आज्ञा, जे पाले परम सुजान,
निर्विघ्न ते नर थई, पामे पदनिर्वाण ।
गुरु कृपाए सुख पामीए, गुरु कपृाए उपजे ज्ञान,
निष्कुलानंद गुरुकृपा करे, तो आपे अविचल दान ॥

इसी प्रकार श्रीहरिने भी माता-पिता-गुरुकी सेवा करने के लिये आज्ञा की है ।

●

पंडितजी पिघले अवश्य

- साधु श्रीरंगदास (गांधीनगर)

नवावास में सभा लगी थी । श्रीजी महाराज ऊंचे आसन पर विराजमान थे । सभी संत, हरिभक्त, स्त्री-पुरुष श्रीहरि के सन्मुख बैठे थे ।

उसी समय एक विद्वान नाम के सभा में प्रवेश करते हैं । पं. केशव को आते देखकर श्रीहरि ऊँचे आसन से ऊठ कर नीचे के आसन पर बैठजाते हैं । केशव पंडित श्रीहरि के चरण के पास आकर बैठ जाते हैं । बड़ी ऊँची गर्वीली आवाज में बोलने लगते हैं ।

आप ईश्वर कहलाते है लेकिन आप में ऐसा कोई ऐश्वर्य दिखाई नहीं देता । आप मात्र मंत्र-तंत्र के जानकार है । इसी से भोले भाले लोग आपके बहकावे में आ गये हैं । आप समाधिकराते है इसमें भी विश्वास नहीं है । अष्टांग योग की सिद्धि के विना प्राण निरोधहो ही नहीं सकता । फिर भी आप किस तरह से समाधिकरा सकते हैं हे स्वामिनारायण ! आप विद्वान हैं तो आप से हम प्रश्न करते हैं, उसका उत्तर दीजिये ।

तब श्रीहरिने बोला कि हमें तो कुछ भी नहीं आता । आप तो बेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि को पढे हैं । इसमें हमें कुछ ज्ञान नहीं । आप को यदि पूछना है तो इस बालक से पूछलीजिये ऐसा कहकर श्रीहरिने एक चारण के बेटे की तरफ इशारा किया । केशव पंडितने कहा कि यह चारण का बेटा हमारे प्रश्न का क्या उत्तर देगा । हा पंडितजी इसी से पूछिये हम लोग जो भी पढे हैं इसी बालक से पढे हैं ।

यह सुनकर पंडितजी बड़े क्रोधमें कहने लगे कि यह शूद्र बालक है इसे कौन वेद पढाया ? वेद तो केवल ब्राह्मण के पढने का विषय है । श्रीहरिने कहा किसी लालची ब्राह्मणने इसे वेद पढाया है । इतने में तो वह बालक वेद बोलने लगा । स्वर के साथ वेद पाठ सुनकर पंडितजी आश्चर्य में पड़ गये । एक बालक विना भूल के सस्वर वेद मंत्र पाठ कर रहा है ।

केशव पंडितकी ज्ञान शक्ति यहाँ पर काम कर गयी । उन्हें निश्चय हो गया कि यह बालक कोई सामान्य नहीं है । इसके

भीतर स्वयं भगवान विद्यमान होकर बोल रहे हैं। दूसरे कोई अन्य भगवान नहीं बल्कि सभी कारणो के कारण स्वयं श्री स्वामिनारायण भगवान ही हैं।

केशव पंडित की मनोवृत्ति श्रीहरि में स्थिर हो गयी। भगवान के स्वरुप का साक्षात्कार हो गया। समाधिसे जगने के बाद प्रभु के चरणों में गिर पड़े। मांफी मांग कर स्तुति करने लगे। आपकी मैं शरण हूँ आप मुझे अपनी शरण में लेलीजिये। हम आपके संतो के साथ रहेंगे।

उसी समय पंडितजी की माताजी सभा में खड़ी होकर कहने लगी, प्रभु मेरे ऊपर दया कीजिये, यह मेरा एकलौता बेटा है, इसे साधु मत बनाइये।

श्रीहरि केशव पडंति के मस्तक पर हाथ रखकर कहे कि आपको साधु बनने की जरुरत नहीं। संसार में रहकर मेरी भजन-भक्ति करते रहियेगा।

सज्जनो ! स्वभाव चाहे किसी का जैसा भी हो, यदि उसे सत्संग का रंग लग गया तो स्वभाव बदल जाता है और सद्भाव वाला हो जाता है। दूसरी बात यह कि चाहे कितना भी कोई क्यों न पढा हो परंतु वह विद्या भगवान के पहचानने में सहायक न हो तो उस विद्या की कोई उपयोगिता नहीं। जो विद्या संसार के काम में आये उसे भौतिक विद्या कहते हैं। सच्ची विद्या तो वह है कि ''सा विद्या या विमुक्तये''। जो विद्या मुक्ति का साधन है वही विद्या श्रेष्ठ है। केशव पंडित की विद्या भगवान को पहचानने में सहायक हो गयी इस लिये विद्या की सार्थकता स्पष्ट हो गयी।

प्रेरणादायी प्रसंग

बालवा गाँव के वृद्ध हरिभक्तों को युवा हरिभक्त श्री स्वामिनारायण म्युजियम का दर्शन कराकर संकल्प पूर्ण किये

– श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, बालवा

वृद्धावस्था में व्यक्ति बहुत असहाय हो जाता है। यदि सत्संग का संस्कार जीवन में हो तो जीवन के अन्तिम समय तक वृद्ध मा-बाप की सेवा करते रहते है।

वर्तमान समय में ता. १३-११-११ रविवार को बालवा गाँव में रहने वाले श्री नरनारायणदेव तथा धर्मकुल के अनन्य निष्ठा वाले युवान हरिभक्त प्रत्यक्ष सेवा का सहारा बनकर जीवन की संध्या में पहुंचे हुये वृद्ध हरि भक्तों के संकल्प को पूर्ण किये है। जिस में बालवा के रहने वाले तथा वर्तमान में अमेरिका के निवासी श्री कांतिभाई गोवाभाई चौधरी सहयोगी बने हैं।

यहाँ गाँव के महादेव वास, श्रीनगर, अंबाजीवास, छत्रीवाली गाँव के लोग तथा बड़े भागोल के कुल करीब १५२ जितने वृद्धों को किसी केहाथ पकड़े किसी को उठाकर गाड़ी में बैठाकर अहमदाबाद मंदिर श्री नरनारायणदेव का दर्शन करवाकर जेतलपुर श्री रेवती बलदेवजी हरिकृष्ण महाराज का दर्शन कराकर वहीं पर भोजन करवाया। यहाँ के महंत शा.स्वा. आत्मप्रकाशदासजी ने युवानों की सेवा की प्रसंशा करते हुये कहा कि बालवा का गाँव तथा बालवा गाँव के युवान धन्य है। आपलोग बड़ा ही अद्भुत काम किये हैं।

बाद में सभी को श्री स्वामिनारायण म्युजियम में लाये वहाँ पर व्हीलचेर की सुंदर व्यवस्था करके प्रत्येक वृद्धों को म्युजियम के प्रत्येक हाल में स्थित प्रसादी की वस्तुओं का दर्शन करवाया। प्रत्येक दर्शन में सभी श्रीहरि के प्रत्यक्ष दर्शन का एहसास हुआ था। प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू. आचार्य महाराजश्रीने सत्संग के लिये कितना बड़ा कष्ट उठाकर संप्रदाय के लिये इतना बड़ा म्युजियम का स्वरुप दिया है। यहाँ पर विराजमान जितनी वस्तुयें है वे सभी संकल्पो को पूर्ण करती हैं। इन वस्तुयें के रुप में प्रत्यक्ष भगवान विराजमान है। स्वयं भगवान के पुत्र भगवान ही है वे ही अशक्य कार्य को शक्य कर सकते हैं। आज इस दर्शन में बालवा गाँव के वृद्धों का स्वप्न साकार हुआ।

भक्ति सुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री के आशीर्वचनमें से -
"सुख का मूल धर्म है"
